## कार्यपत्र-12

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) जो सर्वनाम स्वयं के लिए प्रयुक्त हों, वे कहलाते हैं– (ii) निजवाचक सर्वनाम ✓

(ख) किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है? (iii) जिसका सामान है, वही उठाएगा। ✓

(ग) 'मैं <u>अपने आप</u> नहा लूँगा।' – वाक्य में रेखांकित सर्वनाम है– (ii) निजवाचक सर्वनाम ✓

(घ) किस वाक्य में निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है? (iv) तुम किसे बुला रहे हो? ✓

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण कौन-सा है? (i) आप यहाँ बैठ जाइए। ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– मैं पढ़ रहा हूँ।

(ख) सर्वनाम के छह भेद हैं– 1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

(ग) जिन सर्वनाम शब्दों से बोलने या कहने वाले का तथा सुनने वाले का या जिसके विषय में बात की जाए उसका बोध होता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। इसके तीन भेद हैं– उत्तम पुरुषवाचक, मध्यम पुरुषवाचक तथा अन्य पुरुषवाचक।

(घ) वे सर्वनाम शब्द जो किसी अन्य उपवाक्य में प्रयोग होते समय संज्ञा या सर्वनाम से संबंध दर्शाते हैं, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे– <u>जहाँ</u> चाह <u>वहाँ</u> राह।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

(क) **जितना** परिश्रम करोगे, उतना ही फल पाओगे। (जितना/जिसका)

(ख) मैं **खुद ही** चला जाऊँगा। (तुमसे/ खुद ही)

(ग) **उसने** कक्षा में कविता सुनाई। (उसका/उसने)

(घ) **तुम्हारे** चाचा जी आए हैं। (तुम्हारे/हम)

(ङ) तुम्हें **कौन** बुला रहा है? (क्या/कौन)

(च) **उसे** अंदर बुलाओ। (उसे/मेरी)

**4. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करके उसका भेद लिखिए।**

(क) <u>वह</u> आम का बगीचा हमारा है। निश्चयवाचक सर्वनाम

(ख) कमरे में <u>कोई</u> बैठा है। अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) रोहन <u>किससे</u> मिलने आया है? प्रश्नवाचक सर्वनाम

(घ) <u>जिसकी</u> लाठी, <u>उसकी</u> भैंस। संबंधवाचक सर्वनाम

(ङ) कपिल <u>अपने-आप</u> स्कूल चला जाएगा। निजवाचक सर्वनाम

**5. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) मुझे — मुझे आगरा जाना है।

(ख) तुम्हारा — तुम्हारा दोस्त कहाँ गया है?

(ग) कुछ — बाहर कुछ लोग खड़े हैं।

(घ) हम — हम कल चिड़ियाघर देखने जाएँगे।